संख्या- 45/2018/478/71-1-2018-जी-205/2007

प्रेषक,

शमीम अहमद खान,
विशेष सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनॉक 15 मार्च, 2018

विषय:- वित्तीय वर्ष 2017-18 में मेडिकल कालेज, आगरा में सर्जरी एवं एलाईड स्पेशिलिटी ब्लाक के निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत किए जाने के संबंध में।

महोदय,

राजकीय मेडिकल कालेज, आगरा में सर्जरी एवं एलाईड स्पेशिलिटी ब्लाक के निर्माण हेतु व्यय वित्त समिति की बैठक दिनॉक 07-07-2012 में उक्त प्रायोजना की मूल लागत रू0 7864.62 लाख आंकलित की गयी थी। इसी मूल लागत के सापेक्ष शासनादेश संख्या-1755/71-1-12-जी-205/2007, दिनॉक 10-10-2012 में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी थी। पुन: वास्तविक कार्यक्षेत्र में हुई वृद्धि एवं लागत दरों को पुनरीक्षित होने के कारण दिनॉक 22-01-15 को हुई व्यय वित्त समिति की बैठक में उक्त प्रायोजना की संशोधित लागत रू0 8795.96 लाख अनुमोदित की गयी है। शासनादेश संख्या-116/2015/1093/71-1-15-जी-205/2007, दिनॉक 22-05-2015 द्वारा पुन: लागत रू0 8795.96 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त पुनरीक्षित लागत रू0 8795.96 लाख के सापेक्ष कुल 8259.04 लाख की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है।

2- महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण के पत्र संख्या-एमई/बजट/2017-18/3677, दिनॉक 05-02-2018 में की गयी संस्तुति के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय मेडिकल कालेज, आगरा में सर्जरी एवं एलाईड स्पेशिलिटी ब्लाक के निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2017-18 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत वृहद निर्माण कार्य के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि रू0 6,36,30,000/- (रू0 छ: करोड़ छत्तीस लाख तीस हजार मात्र) मे सें रू0 97,12,000/- (रू0 सत्तानबे लाख बारह हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है:-

1- स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय उन्हीं कार्यो/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य कार्यो/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।
2- प्रायोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में अवश्य पूर्ण कर लिया जाय।
3- कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी महानिदेशक की होगी।
4- अवमुक्त धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार करते हुए व्यय नियमानुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि को पी0एल0ए0/बैंक खाते में नही रखा जायेगा।
5- वित्त बजट-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनॉक 03-08-2017 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
6- प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यो की दिरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से महानिदेशक/प्रधानाचार्य द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।
7- शासनादेश संख्या-1755/71-1-12-जी-205/2007, दिनॉक 10-10-2012 तथा शासनादेश संख्या-116/2015/1093/71-1-15-जी-205/2007, दिनॉक 22-05-2015 में उल्लिखित अन्य शर्ते यथावत् रहेंगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

8- प्रश्नगत कार्य का थर्ड पार्टी आडिट कराकर थर्ड पार्टी आडिट रिपोर्ट में उल्लिखित आपत्तियों का निराकरण करके उसकी रिपोर्ट शासन को 02 माह में उपलब्ध करायी जायेगी। थर्ड पार्टी आडिट रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अवशेष धनराशि निर्गत की जायेगी।

3- उक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-83 (अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना) के अधीन लेखाशीर्षक "4210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-03-चिकित्सा, शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-09-मेडिकल कालेज, आगरा-24-वृहद निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-8/2017/बी-1-1190/दस-2017-231/2017, दिनॉक 03 अगस्त, 2017 एवं समाज कल्याण विभाग के शासनादेश संख्या-बी-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनॉक 22-07-2014 में प्रतिनिहित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे है।

भवदीय

(शमीम अहमद खान)
विशेष सचिव

संख्या:- 45/2018/478(1)/71-1-2018 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, आगरा।
4- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, आगरा।
5- वरिष्ठ कोषाधिकारी, आगरा।
6- परियोजना प्रबन्धक, सी0 एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
7- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
8- नियोजन अनुभाग-4/गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(अनिल कुमार)
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।